प्रभु ही सहारा

भटकी है नाव मेरी दिखे ना किनारा,
प्रभु आके मुझको दे दो सहारा,
साथी ना कोई मेरा तेरे सिवा है,
मुझे आके जो देदे सहारा,
भटकी है नाव मेरी...............

श्याम मेरे श्याम , श्याम मेरे श्याम

सागर सी गहरी दुखों की ये घड़ियाँ,
बिखरी हुई जैसे जीवन की कड़ियाँ,
आकर पिरो दो बाबा माला में मोती,
जीवन में खुशियों की बरसात होगी,
भटकी है नाव मेरी.............

अगर साथ दोगे तो चलता रहूँगा,
जीवन की हर बाधा हंस के सहूंगा,
भरोसा ना टूटे बाबा कृपा ऐसी करना,
अपनी चौखट से बाबा दूर ना करना,
भटकी है नाव मेरी.............

पूछे कोई पंकज से नाम तेरा ले लूँ,
पता तेरे दर का बाबा सबको मैं दे दूँ,
मूरत मैं तेरी बाबा दिल में बसा लूँ,
खाटू को अपने घर का पता में बना लूँ,
भटकी है नाव मेरी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26012/title/prabhu-hee-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |